**खबर संक्षेप**

## 23 अगस्त को माईनिंग कानक्लेव का आयोजन

**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा 23 अगस्त 2025 को कटनी जिले में माईनिंग कानक्लेव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश के खनिज मंत्री, शासन एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुख, खनन क्षेत्र से जुड़े निवेशक, तकनीकी विशेषज्ञ और अन्य हितधारक शामिल होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खनन क्षेत्र के महत्व को उजागर करना, नवीनतम तकनीकों का उपयोग, खनिज उत्पादन व उसके उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा करना तथा प्रदेश एवं देश की आर्थिक प्रगति में खनन क्षेत्र की भूमिका को रेखांकित करना है। इस अवसर पर खनन से संबंधित नवीनतम उपकरणों एवं तकनीकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिससे खनन क्षेत्र को विकसित करने में मदद मिलेगी।
विशेष रूप से खनन क्षेत्र से जुड़े उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों को इसमें भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी माईनिंग कानक्लेसव में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। जिला खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य ने जिले के इच्छुक प्रतिभागियों से अपील की है कि वे समय पर रजिस्ट्रेशन कर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## रेलवे कर्मचारी के घर लाखों की चोरी



**शहडोल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी में उस समय हडकंप मच गया जब एक लोको पायलट के घर में लाखों रुपए की चोरी की वारदात सामने आई। चोरों ने घर का ताला तोडक़र सोने-चांदी के गहने, नगद रुपए, कपड़े, गैस सिलेंडर सहित बर्तन और राशन तक चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन में पदस्थ लोको पायलट धर्मेंद्र गौतम बीते दिनों अपने भाई की मृत्यु के बाद परिवार सहित झांसी (उत्तर प्रदेश) गए हुए थे। लगभग एक सप्ताह बाद जब वह लौटे तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनके घर से लगभग 5 लाख रुपए मूल्य के जेवरात, 15 हजार रुपए नगद, कपड़े, किराना सामग्री, गैस सिलेंडर और यहां तक कि साबुन और नमक तक चोरी हो गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। कई मामलों में चोर सीसीटीवी फुटेज में कैद भी हुए हैं, लेकिन अब तक पुलिस किसी भी गिरोह को पकडऩे में नाकाम साबित हुई है।

जनता की जीतः स्वच्छ वातावरण अब हर गांव की पहचान

# शहडोल से उठी आवाज, पूरे प्रदेश में हुआ असर

## जगन्नाथ शर्मा की पहल बनी मिसाल, गांवों की बड़ी समस्या का हल

**शहडोल। लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्रों, विद्यालयों और पंचायत भवनों में साफ-सफाई की समस्या बनी हुई थी, जिसका खामियाजा स्कूली बच्चों से लेकर मरीजों और ग्रामीणों तक को भुगतना पड़ता था। इस गंभीर मुद्दे को जगन्नाथ शर्मा ने न केवल बार-बार उठाया, बल्कि इसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर ठोस पहल की। नतीजतन अब प्रदेश की सभी पंचायतों, विद्यालयों और स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीपर रखे जाएंगे।**

जिला पंचायत शहडोल के संचार एवं संकर्म समिति के सभापति तथा क्षेत्र क्रमांक 12 के जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा की वर्षों की मेहनत और दूरदर्शी सोच ने ग्रामीण क्षेत्रों की एक बड़ी समस्या का समाधान कर दिया है। स्वास्थ्य केन्द्रों और विद्यालयों में शौचालयों की साफ-सफाई का अभाव हमेशा से ही परेशानी का कारण रहा है। कई बार मरीजों को अस्वच्छ माहौल में उपचार लेना पड़ता था, वहीं बच्चों और शिक्षकों को मजबूरन सफाई करनी पड़ती थी। इसी समस्या को गंभीरता



से लेते हुए श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को 09 जून 2025 को ब्यौहारी प्रवास के दौरान ज्ञापन सौंपा था। इससे पूर्व भी जुलाई 2024 में भोपाल में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में पंचायत और स्वास्थ्य विभाग के मंत्रियों के समक्ष यह मुद्दा रखा गया था। लगातार प्रयासों के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसे प्राथमिकता से लिया और अब पूरे प्रदेश के ग्राम पंचायतों, विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### सफाई व्यवस्था का संकट बनेगा अतीत

ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लगभग 15 से 20 पंचायतों की आबादी को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते हैं। यहां न सिर्फ सामान्य बीमारियों का इलाज होता है, बल्कि प्रसव जैसी जटिल परिस्थितियों में भी मरीज भर्ती होते हैं। वहीं विद्यालयों में 100 से 400 तक बच्चे रोजाना 6 से 8 घंटे अध्ययन करते हैं और शौचालय का उपयोग करते हैं, लेकिन सफाई की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं होने से स्थिति चिंताजनक बनी रहती थी। अब आदेश जारी होने के बाद हर पंचायत, विद्यालय और स्वास्थ्य केन्द्र में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। इससे न केवल बच्चों और मरीजों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा, बल्कि शिक्षकों और स्वास्थ्यकर्मियों को भी सफाई करने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी।

### स्वच्छ भारत मिशन और 15 वें वित्त आयोग से होगा खर्च

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और 15 वें वित्त आयोग के टाईड फंड से इस योजना के संचालन-संधारण का प्रावधान किया गया है। विभागीय पत्र में स्पष्ट किया गया है कि सफाई कर्मचारियों की अनुबंधित नियुक्ति कर उन्हें नियमित रूप से सामुदायिक शौचालयों, विद्यालयों और स्वास्थ्य केन्द्रों की सफाई की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इससे पंचायत स्तर पर स्वच्छता कार्यों को स्थायित्व मिलेगा और ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता अभियान मजबूत होगा।



### मुख्यमंत्री और विभाग ने माना पहल का महत्व

मुख्यमंत्री कार्यालय से 30 जून को जारी निर्देश और 18 अगस्त 2025 को राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) की ओर से जारी आदेश में साफ कहा गया है कि यह निर्णय जनप्रतिनिधि जगन्नाथ शर्मा के सुझाव और आग्रह पर लिया गया है। मिशन संचालक ने साफ निर्देश दिए हैं कि पंचायतें अपनी ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव सम्मिलित करें और 15वें वित्त आयोग के फंड से इसका संचालन सुनिश्चित करें।

### जनता में खुशी, शर्मा को धन्यवाद

ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इस फैसले से बेहद खुश हैं। स्कूली बच्चों के अभिभावकों से लेकर स्वास्थ्य केन्द्रों में उपचार कराने आने वाले मरीजों तक, सभी ने इस निर्णय का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह कदम न सिर्फ स्वच्छता की दिशा में बल्कि स्वास्थ्य और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में भी मील का पत्थर साबित होगा। स्वयं जगन्नाथ शर्मा ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का आभार जताते हुए कहा यह ग्रामीण जनता की जीत है। वर्षों से जो समस्या थी, अब उसका स्थायी समाधान हो गया है। स्वच्छ वातावरण हर नागरिक का अधिकार है और अब बच्चों व मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

### नीयत साफ हो तो बदलाव संभव

ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को समझते हुए उन्हें उच्च स्तर तक पहुंचाकर समाधान दिलाना ही सच्चे जनप्रतिनिधि का कार्य है। जगन्नाथ शर्मा की दूरदृष्टि और अथक प्रयास ने यह साबित कर दिया कि यदि नीयत और संकल्प साफ हो तो बदलाव अवश्य संभव है। उनकी इस पहल को ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि इससे पूरे प्रदेश के लाखों बच्चों, मरीजों और ग्रामीणों का जीवन सीधे-सीधे प्रभावित होगा।

## शिक्षा के गुणात्मक सुधार हेतु आयोजित की गई बैठक



**शहडोल।** संचालनालय लोक शिक्षण मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार शिक्षा के गुणात्मक सुधार, विद्यालयों में अध्ययनरत नौनिहालों को सरल व सुगम शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय के सभागार में संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश कुमार धुर्वे की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई है।
बैठक में संयुक्त संचालक उमेश धुर्वे ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शिक्षा के गुणात्मक सुधार एवं विद्यालय में अध्यनरत नौनिहाल बच्चों को सरल एवं सहज शिक्षा उपलब्ध कराने में आने वाली बाधाओ को दूर करने हेतु हम सब मिलकर प्रयास करें। शालाओं में शिक्षक समय पर उपस्थित हों, सभी पीरियड संचालित हों, शिक्षकों द्वारा शिक्षक डायरी बनाकर पाठ्यक्रम समय पर पूरा किया जाए। कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों की तैयारी कराई जाए। जिससे विभाग के मंशानुरूप हम अपने लक्ष्य की ओर अनवरत आगे बढ़ते रहे।
बैठक में अतिथि शिक्षक भर्ती, पुस्तक वितरण, सीएम हेल्पलाइन, निःशुल्क साइकिल वितरण ,लंबित न्यायालीन प्रकरण, नामांकन, एक पेड़ मां के नाम, शिक्षक दिवस ,शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि, क्रीडा अनुसंधान एवं आयुक्त समीक्षा बैठक आदि विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिए। बैठक में उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी.यादव, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, संभाग के जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## मलेरिया से बचने घरों के आसपास जल का जमाव न होने दें

### विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर आयोजित किये गए कार्यक्रम

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन में विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर नगर परिषद बुढार सभागार एवं उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढार में कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं जनसामान्य को वर्षा ॠतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी शहडोल हनुमान प्रसाद नामदेव ने बताया कि वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाइफाइड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती हैं। भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें। पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं। बच्चों में दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के कारण उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक गंभीर




रूप धारण कर सकता है। सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थों का उपयोग न करें। उन्होंने बताया कि बरसात में मलेरिया और डेंगू रोग भी फैलता है जिसमें मरीज को ठण्ड लगकर बुखार आता है। प्रायः खेत, तालाब, गड्ढे, खाई, घर के आसपास रखे हुए टूटे-फूटे डब्बे, पुराने टायर, पशु के पानी पीने का नाद इत्यादि में बरसात के दिनो में जल जमा हो जाता है। जिसमें मच्छर के लार्वा पैदा होते हैं जो बाद में मच्छर बनकर रोग फैलाते हैं। मलेरिया से बचाव हेतु घर के आसपास जल जमा न होने दें, रूके हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ ऑईल डालें। कूलर, फूलदान, फ्रिज ट्रे आदि को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। कीटनाशक का छिडक़ाव करवायें, मलेरिया रोग हो जाने पर खून की जांच अवश्य करायें एवं चिकित्सक की सलाह से पूर्ण उपचार लें। इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी बुढार सौरभ श्रीवास्तव, एमटीएस रामचन्द्र चतुर्वेदी बुढार, विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।

## फ्लोरेंस इंटरनेशनल स्कूल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में मारी बाज़ी



**ब्योहारी।** नगर के स्वतंत्रता दिवस सामूहिक समारोह में इस वर्ष भी स्कूली बच्चों की देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर के विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में फ्लोरेंस इंटरनेशनल स्कूल ने अपनी अद्भुत और मनमोहक प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक मंच पर ऐसी देशभक्ति की झलक पेश की कि पंडाल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने सराहा। मुख्य अतिथि विधायक शरद कोल, नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता, एसडीएम नरेंद्र सिंह धुर्वे सहित अन्य अधिकारियों एवं नागरिकों ने विद्यालय परिवार की खुले दिल से प्रशंसा की। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में फ्लोरेंस इंटरनेशनल स्कूल को सांस्कृतिक प्रस्तुति में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय को सम्मान स्वरूप ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।विद्यालय के डायरेक्टर मुकेश सिंह बघेल, प्राचार्य श्रीमती कामना सिंह और क्रीड़ा प्रभारी शशांक माली को विशेष रूप से बधाई दी गई। इस अवसर पर श्री बघेल ने कहा यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है कि फ्लोरेंस इंटरनेशनल स्कूल को स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रबंधन टीम की समर्पित कार्यशैली का परिणाम है। हम नगर परिषद एवं सभी अतिथियों के आभारी हैं जिन्होंने हमारे प्रयासों की सराहना की। भविष्य में भी हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध रहेंगे। फ्लोरेंस इंटरनेशनल स्कूल की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे नगर का गौरव बढ़ा है।

## प्रसूता और नवजात को न मिली एंबुलेंस, मजबूरन ट्रैक्टर से घर लौटी महिला



### निपनिया स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही उजागर, स्वास्थ्य योजनाओं पर सवाल

**शहडोल।** जिले के अंतिम छोर पपौंध क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निपनिया में एक ऐसी घटना घटी जिसने एक बार फिर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत सामने रख दी। यहां प्रसव के बाद छुट्टी मिली महिला घंटों तक अस्पताल परिसर में एंबुलेंस का इंतजार करती रही। जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो परिजन आखिरकार मजबूर होकर ट्रैक्टर का इंतजाम करने पर विवश हुए और महिला को नवजात शिशु के साथ ट्रैक्टर में बैठाकर घर ले गए। यह नजारा न केवल बेबस परिजनों की मजबूरी को दर्शाता है बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की संवेदनहीनता का खुला सबूत भी है।परिजनों का कहना है कि उन्होंने अस्पताल स्टाफ से बार-बार एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की। जननी एक्सप्रेस जैसी योजनाओं का हवाला भी दिया, लेकिन जिम्मेदार कर्मचारियों ने उनकी गुहार को गंभीरता से नहीं लिया। किसी ने वाहन उपलब्ध कराने का प्रयास तक नहीं किया। कई घंटे तक इंतजार करने के बाद थके-हारे परिजनों ने हार मानकर ट्रैक्टर का सहारा लिया।ग्रामीणों ने बताया कि निपनिया स्वास्थ्य केंद्र में इस तरह की लापरवाही कोई नई बात नहीं है। आए दिन मरीजों को एंबुलेंस जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित रहना पड़ता है। कभी फोन नहीं उठाए जाते, तो कभी वाहन की उपलब्धता का बहाना बना दिया जाता है। नतीजतन गंभीर हालात में भी मरीज और उनके परिजन असुरक्षित साधनों से सफर करने पर मजबूर हो जाते हैं।
सरकार एक ओर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा करती है। एंबुलेंस सेवा और जननी एक्सप्रेस जैसी योजनाओं को गरीब और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनदायी बताया जाता है। कागजों पर यह योजनाएं स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ कही जाती हैं, लेकिन हकीकत यह है कि धरातल पर इनका लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा। सवाल उठता है कि जब प्रसूता और नवजात जैसे संवेदनशील मामलों में भी लोगों को समय पर सुविधा नहीं मिल पा रही है तो फिर इन योजनाओं का असली फायदा किसे मिल रहा है? इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाह कार्यशैली और प्रशासन की उदासीनता को उजागर कर दिया है। अधिकारी जहां कागजों पर उपलब्धियां गिनाने में व्यस्त रहते हैं, वहीं जमीनी स्तर पर वास्तविकता शर्मसार कर देने वाली है। एक प्रसूता को अपने नवजात शिशु सहित अस्पताल से ट्रैक्टर में घर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा—यह दृश्य स्वास्थ्य सेवाओं की जर्जर स्थिति को बयां करने के लिए पर्याप्त है। यह घटना न केवल स्वास्थ्य विभाग की संवेदनहीनता का प्रतीक है बल्कि शासन-प्रशासन की प्राथमिकताओं पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारियों की नींद टूटेगी या फिर यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह कागजों और फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।



## खबर संक्षेप

### डॉ. श्रुति देव मिश्रा होंगी एसईसीएल की अगली सीएमएस

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** एसईसीएल की वर्तमान मुख्य चिकित्सा सेवाएं (सीएमएस) डॉ. प्रतिभा पाठक आगामी 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हो रही हैं, कंपनी प्रबंधन ने नए सीएमएस के तौर पर कंपनी मुख्यालय में ही पदस्थ डॉ. श्रुति देव मिश्रा को अगला सीएमएस नियुक्त किया है, मंगलवार 19 अगस्त को एसईसीएल की महाप्रबंधक मानव संसाधन/अधिकारी स्थापना सुजाता रानी ने इस बावत आदेश जारी किया है।

### अवैध रेत परिवहन पर रामनगर पुलिस की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** 21 अगस्त को थाना रामनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक लाल रंग का आईसर ट्रैक्टर (बिना नम्बर) चेचिस नंबर-97611518604 जमुड़ी घाट केवई नदी से अवैध रेत खनन कर परिवहन कर रहा है। सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुँची, जहाँ ट्रैक्टर चालक मालिक अंधेरे एवं झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग निकला। मौके पर ट्रैक्टर-ट्राली में लगभग 02 घन मीटर अवैध रेत भरा हुआ पाया गया। जिसे जब्त कर कब्जे में लिया गया। उक्त कार्य अवैध एवं दण्डनीय पाए जाने पर अपराध क्रमांक 230/25, धारा 303 (2), 317 (5) बीएनएस एवं 4/21 खान अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जप्तशुदा सामग्री मे 02 घन मीटर रेत, अनुमानित कीमत 3,000 के साथ आईसर ट्रैक्टर-ट्राली, अनुमानित कीमत 4,00,000 जप्त किया गया।

### कोल इंडिया में आश्रितों को नियोजन देने की व्यवस्था में होगा बदलाव

कोल इण्डिया
Coal India

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** कोल इंडिया अपने कर्मचारियों के आश्रितों (9.3.0 नीति) को नौकरी देने की व्यवस्था में बदलाव की तैयारी में है। आश्रित के नियोजन की प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाने के लिए नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार किया जायेगा। पुरानीव्यवस्था के कारण आश्रितों को काफी परेशानी हो रही थी। इस कारण कई मजदूर संगठनों ने कोल इंडिया के फोरम में आवाज उठायी थी। अब इस मुद्दे पर एक नयी कमेटी का गठन किया गया है, जो 45 दिनों के अंदर पुरानी एसओपी की समीक्षा कर आवश्यक बदलावों की सिफारिश करेगी. एसइसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि कमेटी में अधिकारियों के साथ-साथ बीएमएस, एचएमएस, एटक और सीटू से प्रतिनिधियों को शामिल किया। गया है, वहीं कोल इंडिया के जीएम एचआर गौतम बनर्जी कमेटी के समन्वयक बनाये गये हैं। वर्तमान व्यवस्था में यह हो रही परेशानी जानकारी के मुताबिक पहले कर्मियों के आश्रितों को सिर्फ नोटरी शपथ पत्र के आधार पर नौकरी मिल जाती थी, जिसमें पूरे परिवार की जानकारी दी जाती थी। नयी व्यवस्था में एग्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेट से शपथ पत्र अनिवार्य कर दिया गया है, जिसे बनवाना मुश्किल होता है। इसी परेशानी को दूर करने के लिए अब नया एसओपी लाया जा रहा है।

## सरकारी रेट 266.50, पर बाजार में 500 से 700

# खाद की किल्लत और कालाबाजारी से बेहाल किसान

### जिम्मेदार बने मौन दर्शक

किसान धान की फसल के लिए यूरिया खाद को तरस रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार केवल दावे और बैठकों तक ही सीमित हैं। सरकारी रेट 266.50 रुपए प्रति बोरी तय है, लेकिन कालाबाजारी कर 500 से 700 रुपए तक वसूला जा रहा है। भारी बारिश में सिर पर पन्नी डालकर लाइन में लगे किसानों की बेबसी प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। सवाल यह है कि क्या खाद माफियाओं पर नकेल कसने की हिम्मत जिम्मेदारों में है?





शहडोल। जिले में खाद वितरण को लेकर जिला प्रशासन और विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही किसानों के लिए संकट बनती जा रही है। ब्यौहारी और आसपास के इलाकों में तीन दिनों से लगातार किसान लंबी कतारों में खड़े होकर खाद लेने मजबूर हैं। आलम यह है कि भारी बारिश के बीच भी किसान सिर पर पन्नी और छाते लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस तक बुलानी पड़ी। सरकार ने यूरिया खाद का दाम 266.50 रुपए प्रति बोरी (45 किलो) तय किया है, लेकिन किसानों को यह खाद खुले बाजार में 500 से 700 रुपए में खरीदनी पड़ रही है। सब्जी मंडी स्थित एक दुकान के बाहर किसानों की लंबी लाइनें लगीं, जहां खुलेआम कालाबाजारी की जा रही थी। बोरियां लेकर बाहर निकले किसानों ने खुद बताया कि उन्होंने एक बोरी के लिए 500 से 600 रुपए तक दिए हैं।

### बिना रसीद के बिक्री, विवाद की स्थिति

चौंकाने वाली बात यह है कि दुकानदार किसी भी किसान को रसीद नहीं दे रहे हैं। किल्लत के बीच खाद मिलने की मजबूरी में किसान शिकायत भी दर्ज नहीं कराते। ग्राम पंचायत मैरटोला सोसायटी में बारिश में भीगते किसान सिर्फ इस इंतजार में खड़े रहे कि उन्हें कुछ बोरी खाद मिल जाए। वहीं भमरहा के निजी दुकानों से भी 500 रुपए प्रति बोरी की दर से खाद बेचे जाने की शिकायतें सामने आईं।

### सोसायटी का खेल

सरकारी सोसायटियों में केवल उन्हीं किसानों को खाद दी जा रही है जिन्होंने ऋण ले रखा है। नकद देने वाले किसान भारी भीड़ बनाकर सोसायटियों के दरवाजे पर खड़े रहते हैं, लेकिन वहां भी मनमानी जारी है। कई किसानों ने साफ कहा कि सरकारी गोदामों से कम रेट पर खाद नहीं मिल पा रहा है।

### विभाग की ढुलमुल भूमिका

डीएमओ आनंद पांडेय का दावा है कि जिले में दो रैक खाद आ चुकी हैं और दो और आने वाली हैं। उनके मुताबिक पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और वितरण हो रहा है, लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। यदि पर्याप्त खाद है तो किसान लंबी कतारों में क्यों खड़े हैं? अधिक दामों पर बिक्री की शिकायतों के बावजूद कृषि विभाग कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। सब्जी मंडी में कालाबाजारी की सूचना मिलने पर जब कृषि विभाग के अधिकारी



प्रदीप कुशवाहा से संपर्क किया गया तो उन्होंने दौरे पर हूं कहकर पल्ला झाड़ लिया। किसानों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी स्वयं कालाबाजारी में मिलीभगत कर रहे हैं।

### प्रशासन और नेताओं की चुप्पी

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिरकार इस पूरे खेल पर जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि चुप क्यों हैं? किसानों से वोट मांगने वाले नेता इस संकट के समय कहीं नजर नहीं आ रहे। मंचों से किसान हितैषी होने का दावा करने वाले सत्ताधारी दल के नेता और संगठन पूरी तरह गायब हैं। वहीं विपक्ष भी पूरी तरह मौन साधे बैठा है। किसानों की समस्याओं पर राजनीति तो खूब होती है, लेकिन समाधान कोई नहीं करता।

### किसानों का दर्द

मैरटोला के किसान गोविंद बैगा ने बताया कि धान की फसल में यूरिया सबसे ज्यादा जरूरी है, लेकिन हमें तय दाम पर खाद नहीं मिल रही। मजबूरी में हम महंगे दाम पर खरीद रहे हैं। इसी तरह किसान रामनाथ गोंड बोले हमने नकद लेकर कई बार सोसायटी के चक्कर लगाए, लेकिन हमें सिर्फ यह कहकर लौटा दिया गया कि पहले लोन वाले किसानों को खाद दी जाएगी।

### प्रशासन की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना

खाद वितरण का जिम्मा सीधे प्रशासन और कृषि विभाग पर है। यदि दो रैक खाद आ चुकी हैं तो उनकी पारदर्शी वितरण व्यवस्था क्यों नहीं बनाई गई? क्यों किसानों को खुले बाजार में दोगुने दाम पर खाद खरीदना पड़ रहा है? सवाल यह भी है कि अब तक किसी भी दुकानदार या कारोबारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

### मीटिंगों तक सीमित दावे

कलेक्टर से लेकर विभागीय अधिकारी हर बैठक में यही दावा करते हैं कि पर्याप्त खाद है, किसी को दिक्कत नहीं होगी, लेकिन हकीकत यह है कि किसान घंटों लाइन में खड़े रहकर भी खाली हाथ लौट रहे हैं। प्रशासन की नाकामी किसानों की फसलों पर भारी पड़ सकती है। यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। प्रशासन, कृषि विभाग और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी इस पूरे खेल को और गहरा संदेहास्पद बना देती है। यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में यह संकट बड़ा आंदोलन बन सकता है।

# अंतिम छोर के व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना अभियान का मुख्य उद्देश्यः कलेक्टर

**प्रशिक्षण में बताई गई बातों का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें: सीईओ**






### एमपीटी रिसोर्ट ताला में तीन दिवसीय आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**उमरिया।** जिले के अंतिम छोर तक रहने वाले पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना और उनके सामाजिक व आर्थिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही आदि कर्मयोगी अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उक्त विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने एमपीटी रिसोर्ट ताला में तीन दिवसीय आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। कलेक्टर ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग की यह पहल ग्राम स्तर पर योजनाओं और सेवाओं की बेहतर पहुँच सुनिश्चित करने के साथ-साथ जवाबदेही और नवाचार को भी बढ़ावा देगी। शासन की मंशा है कि जनजातीय समुदाय को चिन्हित की गई सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण में बताई गई हर बात को गंभीरता से सीखें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें। उनका कहना था कि जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्ययोजना निर्माण के समय सेफ-अनसेफ और सुझाव आमंत्रण जैसी प्रक्रियाओं से प्रतिभागियों को व्यवहारिक अनुभव दिया गया। इसी तरह फिश बाउल गतिविधि के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को एक-दूसरे के विचार जानने और साझा करने का अवसर मिला। इस अवसर पर एसडीएम मानपुर टी.आर. नाग, सीईओ जनपद पंचायत मानपुर राजेन्द्र त्रिपाठी, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. पूजा द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने आशा जताई कि यह अभियान न केवल योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करेगा, बल्कि जिले के जनजातीय समुदाय में सामाजिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय भी लिखेगा।

# नशा नाश की जड़ है, इससे दूरी बनाकर बेहतर जीवन जिएं- कलेक्टर

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम संपन्न





**उमरिया। नशा नाश की जड़ है, नशा करने से एक ओर जहां शरीर खोखला हो जाता है, वही घर परिवार में कलह उत्पन्न होता है, इसलिए आवश्यक है कि नशे से दूरी बनाकर बेहतर जीवन जिएं। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया में आरोग्य भारती महाकौशल प्रांत के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय तम्बाकू कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।**

उन्होंने कहा कि नशे की बजाय अपने अध्यापन कार्य मे मन लगाए और अच्छे नागरिक बनकर देश , समाज की सेवा करे। इसके साथ ही नशा से होने वाले दुष्परिणामों से अपने चित परिचितो, माता पिता, दोस्तों को भी अवगत कराए तथा उससे दूरी बनाये रखने की समझाईश दें । उन्होने कहा कि आरोग्य भारती जीवन में हमें स्वस्थ्य रहने की प्रेरणा देता है । स्वास्थ्य मस्तिष्क से ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण होता है । जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी हर सफलता को प्राप्त कर सकेगे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि नशा एक अभिशाप है । नशा करने से विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती है, और इलाज में पैसा खर्च होता है । इसलिए आवश्यक है कि नशा को त्यागें और सभ्य नागरिक बनें । कार्यक्रम में तिरुपति बालाजी हॉस्पिटल का कार्यक्रम मे महत्वपूर्ण सहयोग रहा।कार्यक्रम में समस्त विद्यार्थियों के समक्ष नशे के व्यक्ति, समाज, परिवार , राष्ट्र पर पडने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा एवं विद्यार्थियों को जागरूक किया गया एवं कार्यक्रम का सफलता पूर्वक समापन शांति मंत्र एवं औषधीय पौधों के रोपण के साथ किया गया इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह ,आशुतोष अग्रवाल , मिथलेश पयाशी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीता राम, एस डी ओ पी नागेंद्र सिंह , बाल संरक्षण समिति के सदस्य रावेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी, विद्यालय के प्रिंसिपल उदय भान सिंह , प्रदीप गहलोत , आरोग्य भारती के समस्त पदाधिकारी जिला अध्यक्ष आरोग्य भारती पुष्पेंद्र द्विवेदी, सचिव डॉ के सी सोनी(सिविल सर्जन ), उपाध्यक्ष डॉ संदीप सिंह,कोषाध्यक्ष चंद्र मोहन खरे, सदस्य ओमप्रकाश पांडे, अनिल द्विवेदी, संजय शर्मा, वीरेंद्र शर्मा , प्रणाली पेशे , एवं समस्त अस्पताल के स्टाफ सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे ।

### खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन,भंडारण पर की गई कार्यवाही



**उमरिया।** प्रभारी अधिकारी खनिज विद्याकांत तिवारी ने बताया कि ग्राम बडेरी मुख्य मार्ग पर 1 ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 54 ए 2560, जिसका चालक संतोष कोल पिता सुखनंदन कोल निवासी ग्राम मझगवां तहसील मानपुर को खनिज गिट्टी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 स्थित गौंटिया पेट्रोल पंप के पास उमरिया रोड पर 2 ट्रेक्टर ट्राली जिनके क्रमांक क्रमशः एमपी 54 ए 3788, एवं ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक निल है; के चालक राजेन्द्र प्रसाद बैगा पिता महादेव बैगा निवासी ग्राम लदेरा तहसील बांधवगढ जिला उमरिया (म.प्र.) एवं सतीश कोल पिता समयलाल कोल निवासी ग्राम उफरी (ढदरी) तहसील बांधवगढ को खनिज मुरूम के अवैध परिवहन में जप्त किया गया है। साथ ही माह अगस्त में उक्त प्रकरणों को शामिल करते हुये कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है। प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 19 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर सहायक खनिज अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक नर्वद सिंह आर्मो उपस्थित रहे ।

### वृत्त उमरिया में विभिन्न स्थानों से अवैध शराब जब्त



**उमरिया।** जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार खत्री ने बताया कि मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं अवैध विक्रय पर नियंत्रण हेतु वृत्त उमरिया के विविध स्थानों पर कार्यवाही की गई जिसमे ग्राम बरबसपुर, घघड़ार, बडेरी में कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जिसमे 4.32 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन, 14 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 30 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त की गई। इसी तरह ग्राम सेहरा, रथेली में कुल 7 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जिसमे 6.3 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन, 12 लीटर हाथ भट्टी शराब, 90 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त की गई । इसी प्रकार वृत्त पाली के ग्राम सेहरा, बिंझला, शाहपुर एवं सूखा कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जिसमे 1.8 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन, 14 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 45 कि.ग्रा. महुआ लाहन आरोपियों से जप्त की गई मदिरा के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं 34 (1) (च) के तहत कुल 21 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुश्री मोना दुबे, आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी एवं आबकारी आरक्षक अवध प्रताप सिंह बघेल, विद्या सिंह, कविता सिंह, राजपति प्रजापति, कु0 अंजली गौतम, नगर सैनिक राजेन्द्र राय, राजेश शुक्ला का विशेष योगदान रहा। अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण एवं चौर्यनयन पर निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# 10 वर्षों से गौसेवा को बनाया जुनून, सेवा का मिसाल बने मिंटू





### व्यापारी दीपक जैन हर माह गौशाला में खर्च कर रहे लगभग 70 हजार रूपये

**हरिभूमि न्यूज़ कोतमा।** गाय हमारी माता है इस वाक्यांश को कोतमा के एक समाजसेवी एवं व्यापारी ने केवल कहा ही नहीं है बल्कि अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी किया है। कोतमा के वरिष्ठ सराफा व्यवसाई दीपक जैन मिंटू चंदेरिया ने वर्ष 2015 में अपने गुरु पूज्यनीय श्री विद्यासागर महाराज जी से प्रेरणा पाते हुए भटकी हुई, पीड़ति और आवारा छोड़ दी गई गोवंश को अपनी गौशाला में केवल ना जगह दी बल्कि उनकी देखरेख चिकित्सा का समुचित प्रबंध भी किया। बड़े उत्साह और हर्ष के साथ इस बारे में बताते हुए वह कहते हैं जिस गौशाला की शुरुआत उन्होंने गुरु जी की अहिंसा के सिद्धांतों और मूक पशुओं के प्रति दया की भावना से प्रेरित होकर की थी परंतु इसके शुरू होने के बाद गौशाला में होने वाली सेवाओं ने मानो उनकी भाग्य की रेखाओं को भी कहीं ना कहीं बदल दिया और इसके सकारात्मक परिणाम उन्हें दिन प्रतिदिन अपने जीवन में परिलक्षित होते हुए दिखे और वह बातें जो बड़े-बड़े पूज्य संतों और ऋषि मुनियों के द्वारा कही गई है की गौ सेवा की सार्थक परिणाम हमारे जीवन में निश्चित रूप से होते हैं उन्होंने अपने जीवन में घटते हुए देखा है और समाज के अन्य लोगों और अन्य वर्गों से भी अपील की है की समाज के सभी लोग गौ सेवा के लिए आगे आयें। दीपक मिंटू चंदेरिया बताते हैं कि गौशाला के लिए शासन से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिल रहा है जो भी गौशाला में खर्चा आ रहा है उसके लिए लगभग 100 गुल्लक बनवाए गए हैं जो नगर के विभिन्न जगह पर रखे हुए हैं उसे गुल्लक के माध्यम से हर माह लगभग 30000 हजार रूपये निकलता है एवं 40000 रूपया वह स्वयं लगाते हैं। हर माह गौशाला में 70000 रूपया का खर्चा आता है। तीन कर्मचारी गायों की सेवा एवं देखरेख के लिए लगे हैं जिनका हर माह 20000 रुपए वेतन एवं 50000 रूपया गायों के खुराक एवं इलाज में खर्च होता है। गौशाला के लिए सम्यक जैन किसान वस्त्रालय के द्वारा अपनी भूमि दी गई है जहां पर गौशाला का निर्माण करते हुए घायल बीमार गोवंश को रखा जाता है। टिंकल जैन द्वारा गौशाला के लिए भूसा पैरा खली चुनी एवं चिकित्सा की व्यवस्था की जाती है। दीपक चंदेरिया ने बताया कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए हमारे समाज के पुष्पेन्द्र जैन का सहयोग हमें हमेशा मिलता रहता है। गौशाला में हर माह टारगेट 70 गौवंश का रखा गया है जिसमें से 5 से 6 गौवंश के मालिक अपने गोवंश को ले जाते हैं। 10 वर्षों से वह इस कार्य में लगे हुए हैं जिसमें अब तक लगभग 70 लख रुपए का खर्चा आ चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि जो गोवंश मालिक अपनी दुधारू गायों को गौशाला में रखना चाहते हैं उन्हें हम जब तक उनके गोवंश का खर्चा नहीं मिल हो जाता तब तक हम उन्हें दूध देते रहेंगे। गौशाला संचालित करने के लिए ना तो अभी तक शासन से भूमि उपलब्ध हो पाई है ना किसी प्रकार की सहायता मिल रही है।

## खबर संक्षेप



### छात्रावास में अव्यवस्थाओं को दूर करने सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** मप्र अज़ाक्स संघ कटनी के जिला महासचिव पूर्णेश द्वारा बुधवार को द्वारा विमल चौरसिया जिला संयोजक आदिम जाति विभाग कटनी को कन्या परिसर छात्रावास सरसवाही में व्याप्त अव्यवस्थाओं के सुधार बावद जिसमे शौचालयों स्नानघर में स्वच्छता की कमी शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था भोजन की गुणवत्ता परिसर में रात्रिकालीन स्टॉफ नर्स एवं पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था अन्य मूलभूत सुविधाओं पंखे लाइट चिकित्सा सुविधा आदि समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया और जिला संयोजक महोदय ने यथा शीघ्र समाधान करने हेतू आश्वासन दिया है ज्ञापन देने में संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे पूर्व अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी मनोज दहिया बाबूलाल शत्रुघन धर्मेंद्र राज उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पूर्ण स्मृति दिवस एवं विश्व बंधुत्व दिवस की उपलक्ष्य में 22 अगस्त को सुबह 9:00 बजे से जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन, दुर्गा बहन ने इस पूर्ण कार्य में सहभागी बनने और मानवता की सेवा करने का आग्रह सभी से किया है

### लोक अदालत को लेकर हुई बैठक, प्रकरणों के निराकरण हेतु हुई चर्चा



**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में मंगलवार को जिला न्यायाधीश संजय गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक क्लेम प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। साथ ही बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं एवं आवेदक अधिवक्ताओ से पृथक-पृथक चर्चा कर उन्हें अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में राजीनामा करने हेतु प्रेरित किया।बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण, क्लेमेन्ट एडवोकेट, अन्य अधिवक्तागण एवं सुमित शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन उपस्थित रहें।।

### नगर निगम कटनी ए ग्रेड में शामिल

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की बुधवार को जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में नगर निगम कटनी 94.99 प्रतिशत अंक के साथ शिकायतों का निराकरण कर ए ग्रेड के साथ टॉप फाइव में शामिल है। निगमायुक्त श्री दुबे ने निगम की सभी संबंधित शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए शाबाशी देते हुए आगे और अधिक मेहनत और लगन के साथ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराते हुए उच्चतम ग्रेडिग प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के आधार पर प्रत्येक माह ग्रेडिंग जारी की जाती है। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के परफॉर्मेंस के आधार पर ही ए, बी, एवं सी ग्रेड निर्धारित किया जाता है। निगमायुक्त द्वारा शिकायतों के निराकरण हेतु दिये गए निर्देश के परिणामस्वरूप माह जुलाई में प्राप्त कुल 577 शिकायतों में से 56.15 शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है।

## रुंगटा कॉलोनी की बदहाली

# गाजर घास, कचरे और गड्ढों से जूझ रहे लोग










### सिविल विभाग और प्रबंधन की लापरवाही उजागर, स्वतंत्रता दिवस पर साबो पंचायत व नागरिकों ने जताई नाराजगी

धनपुरी।

सोहागपुर एरिया की श्रमिक कॉलोनियों में साफ-सफाई की बदहाली लगातार उजागर हो रही है। सबसे अधिक दयनीय स्थिति रुंगटा श्रमिक कॉलोनी की है, जो साबो ग्राम पंचायत क्षेत्र में आती है। वर्षों से यहां साफ-सफाई का अभाव है।

रोड किनारे गाजर घास लहलहा रहे हैं, जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं और नालियों से गंदा पानी बह रहा है।सिविल विभाग पर सवालरुंगटा श्रमिक कॉलोनी का संचालन बुढ़ार ग्रुप, शारदा ओसीएम उपक्षेत्रीय प्रबंधन के अधीन है, लेकिन सिविल विभाग पूरी तरह लापरवाह साबित हो रहा है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि ठेका किसे दिया गया है, इसकी जानकारी तक साफ नहीं है। बिना सफाई के ही ठेकेदार नियमित बिल निकाल रहा है और प्रबंधन आंख मूंदे बैठा है।डिस्पेंसरी और सड़क भी बदहालरुंगटा डिस्पेंसरी परिसर में गाजर घास और गंदगी का साम्राज्य है। डॉक्टर की पोस्टिंग होने के बावजूद महीनों से उनकी उपस्थिति नहीं हो रही। वहीं कॉलोनी प्रवेश द्वार पर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बरसात में इनमें पानी भर जाने से वाहनों का आवागमन बेहद कठिन हो जाता है।औपचारिक बनकर रह गया निरीक्षणवेलफेयर बोर्ड के सदस्य समय-समय पर बिलासपुर हेडक्वार्टर से आते हैं, लेकिन उनका निरीक्षण सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है। कुछ कॉलोनियों को देखकर निर्देश देकर चले जाते हैं, मगर साबो पंचायत क्षेत्र की रुंगटा कॉलोनी की स्थिति पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।स्वतंत्रता दिवस पर गूंजा विरोध15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सबो ग्राम पंचायत व रुंगटा कॉलोनी के गणमान्य नागरिकों ने कॉलोनी प्रवेश द्वार पर जमा होकर खराब सड़क, सफाई व्यवस्था और गाजर घास की समस्या को लेकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। नागरिकों ने कहा कि कॉलोनी की हालत नारकीय हो गई है और यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।कॉलोनीवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों की प्रमुख मांगें—तुरंत गाजर घास हटाकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। सड़क गड्ढों की मरम्मत व पानी निकासी की ठोस व्यवस्था हो। रुंगटा डिस्पेंसरी में डॉक्टर की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो। साबो पंचायत क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए।

## शिविर के माध्यम से बैंकिंग सुविधा एवं फ्राड के बारे कराया जा रहा अवगत

उमरिया।

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सेवक राम सोनवानी ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार सरकार द्वारा लागू सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,के साथ साथ बैंकों में 10 वर्ष पूर्ण खातों में रि केवायसी तथा नॉमिनेशन हेतु बैंकों के कर्मचारी एवं अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे है, और लोगों को बैंकिंग सुविधा एवं फ्राड संबंधित जानकारी दी जा रही है।



यह अभियान 30 सितंबर 2025 तक चलाया जा रहा है ,जिसमें ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिव एवं रोजगार सहायकों द्वारा सहयोग मिल रहा है।अभियान को अधिक प्रभावशील बनाने हेतु द्वारा जिले के सभी जनों को अपील की है की सरकार द्वारा लागू कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े एवं अपने नजदीकी ग्राम पंचायत के कैंप में जाएं तथा शिविर का लाभ उठाए। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा अब तक कैंप में हुई प्रगति में प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 2661 लोगों ने तथा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 2262 लोगों ने पंजीयन कराया है।वही अटल पेंशन योजना अंतर्गत 930 लोगो ने पंजीयन कराया है।10 वर्ष पूर्ण खाताधारकों के 6739 खातों में रि केवायसी किया जा चुका है।

### सिर्फ नोटिस बांटकर नगर पालिका फुर्सत हो जाती है, नगर का विकास अब नहीं तो कब?

# आखिर कब बनेगा मॉडल रोड?

धनपुरी।

नगरवासियों की बरसों पुरानी मांग – बघइया पुल से नरगड़ा पुल तक मॉडल रोड – आज भी अधूरी है। नगर पालिका प्रशासन की ओर से तीन बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य का कोई ठोस खाका अब तक सामने नहीं आया।लोगों का कहना है कि सिर्फ नोटिस बांटकर नगर पालिका फुर्सत पा जाती है, जबकि ट्रैफिक जाम, संकरी सड़क और जुलूस के दौरान डाइवर्ट की मजबूरी से नगर रोज़ाना जूझ रहा है।स्थानीय नागरिकों का




साफ कहना है"नगर का विकास अब नहीं तो कब, अब क्यों नहीं?" उनका मानना है कि यदि मॉडल रोड पर डिवाइडर बन जाए तो न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि व्यापार को भी नई रफ्तार मिलेगी और नगर का स्वरूप बदलेगा।वहीं, नगर जागरूक लोगों ने इस मुद्दे पर हस्ताक्षर अभियान भी शुरू कर दिया है। खास यह कि नोटिस पाने वाले कई लोग खुद भी अब मॉडल रोड के पक्षधर हैं और चाहते हैं कि नगर का भविष्य उज्जवल बने।नगरवासी अब पालिका की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं कि बरसात के बाद क्या वास्तव में निर्माण शुरू होगा, या फिर यह बहुप्रतीक्षित मॉडल रोड केवल कागजों और नोटिसों में ही सिमटकर रह जाएगा।

## जिला पंचायत उमरिया में बीएलबीसी की बैठक संपन्न




उमरिया।

करकेली ब्लॉक की प्रथम तिमाही की बीएलबीसी बैठक जिला पंचायत उमरिया में लीड बैंक मैनेजर सेवक राम सोनवानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की तिमाही में प्रगति की समीक्षा की गई तथा इस वर्ष के वित्तीय लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बैंकर्स को शासकीय योजनाओं के लक्ष्य शुरू से ही प्राप्त करने का निर्देश लीड बैंक मैनेजर के द्वारा दिये गए । बैठक में सभी विभागों द्वारा अपने बैंकों में लंबित प्रकरणों के निपटारे के लिए गहन चर्चा की गई तथा बैंकर्स को निर्देश दिया गया कि लंबित प्रकरणों का निपटारा इस सप्ताह किया जाए।लीड बैंक मैनेजर द्वारा बैंकर्स को वित्तीय समावेशन शिविर को गुणवत्ता पूर्वक करने का निर्देश दिए गए । लीड बैंक मैनेजर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के बारे में सभी को विस्तार से बताया गया । लीड बैंक मैनेजर द्वारा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायत को शीघ्र तथा गुणवत्ता पूर्वक निपटारा करने के लिए बैंकर्स को निर्देशित किया गया।बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे वित्तीय साक्षरता,ऑनलाइन फ्रॉड, इत्यादि पर भी विस्तृत चर्चा की गई ।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली सुश्री हरनीत कौर कलसी ,जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से दीपक गुप्ता,आदिवासी वित्त विभाग से संदीप ध्रुव, एन आर एल एम से श्रीमती माधुरी शुक्ला, उद्यानिकी से महेश ध्रुवे , मत्स्य विभाग से गुरशालाल ,पशुपालन विभाग से तेजभान पटेल आदि विभाग प्रमुख के साथ सभी करकेली ब्लॉक के बैंकर्स उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में विद्युत संबंधी सिविल प्रकरणों में दी जाएगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला एवं समस्त तहसील सिविल न्यायालयों में आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएविल इंस्टूमेंट एक्ट के अंतर्गत चैक बाउन्स, कुटुम्ब न्यायालय, ग्राम न्यायालय, बैंक आदि विभागों के लंबित एवं बैंक, विद्युत, नगरपालिका आदि के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया जाएगा।

### इस तरह से मिलेगा लाभ

व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में छूट प्रदान की जावेगी।

निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलो वाट भार तक के गैर घरेलू 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

जबकि लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने आमजन से आपसी समझौते से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की है।

## माइनिंग कॉनक्लेव के आयोजन हेतु अधिकारियों को सौंपे गए कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शनिवार 23 अगस्त को आयोजित होने वाले माइनिंग कॉन्क्लेव के व्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही इन समस्त अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत को संपूर्ण कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया है। जबकि वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा हेलीपैड स्थल एवं कार्यक्रम स्थल पर बांस बल्ली की व्यवस्था करेंगे।

इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया हेलीपैड स्थल पर कारकेड वाहन की व्यवस्था, बुलेटप्रूफ वाहन की व्यवस्था, कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री श्रीमती शारदा सिंह हेलीपैड स्थल में वेरिकेटिंग, शौचालय, प्रतीक्षालय, मंच, पंडाल, और सड़कों की मरम्मत का कार्य देखेंगी। जबकि नगर निगम आयुक्त नीलेश कुमार दुबे को फायर ब्रिगेड, साफ-सफाई, पेयजल और चलित शौचालय की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी श्री प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं तहसीलदार कटनी नगर श्री आशीष अग्रवाल आवेदन पत्र लेने हेतु राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की डियुटी लगाने, वी.आई.पी वाहन एवं कारकेड वाहन की व्यवस्था, सर्किट रेस्ट हाउस के कमरों की आरक्षण व्यवस्था देखेंगे।

वहीं डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, जिला अपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी एवं प्रभारी तहसीलदार बरही आदित्यप्रकाश द्विवेदी हेलीपेड स्थल पर ज्ञापन एवं आवेदन एकत्रित करना, कार्यक्रम के दौरान वी.आई.पी के स्वल्पाहार, भोजन तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का कार्य करेंगे। इसी प्रकार नायब तहसीलदार बरही प्रसन्न कुमार वर्मा, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख राजेंद्र श्रीवास्तव, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री संतोष श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी जी.एस. खटीक एवं परियोजना अधिकारी

## आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय समाज का जीवन बदलने का महाअभियानःसीईओ

शहडोल।

भारत सरकार के निर्देशानुसार शहडोल जिले के चिन्हित ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए संभागीय मुख्यालय के त्रिदेव होटल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय समाज का जीवन बदलने का महाअभियान है। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रषिक्षणार्थी आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन हेतु अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें, हर एक चीजो को बरीकी से सीखते हुए अपने दायित्वो का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें तथा नियत समय पर ग्राम स्तरीय दलों को भी प्रषिक्षण देना सुनिश्चित करें।



उन्होंने कहा कि जनजातीय ग्रामों में विजन निर्माण एक परिवर्तनकारी प्रक्रिया है जो जनजातीय समुदाय को अपनी आकाक्षांओं की अभिव्यक्ति करने, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करनें और विकास की दिषा में स्थायी मार्ग निर्धारति करने में सक्षम बनाती है। क्षमता निर्माण जागरूकता श्रजन, सहायोगात्मक साझेदारियों के माध्यम से जनजातीय ग्रामों को आत्मनिर्भर समतामूलक और सांस्कृतिक रूप से सषक्त बनाएंगे।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह ने बताया कि अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय समिति में जल, स्वच्छता, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और वन विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। यह दल जनजातीय ग्रामों में समुदाय संचालित विकास सुनिष्चित करने के लिए स्थानीय मार्गदर्शन, समन्वय और निगरानी के माध्यम से विजन निर्माण की भूमिका निभाएंगे। यह टीम प्रगति की निगरानी तथा संसाधनों तक पहुंच बनाने और चुनौतियों का समाधान कर के योजनाओं का क्रियान्वयन एवं निगरानी करेगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आनन्द राय सिन्हा ने बताया कि ग्राम स्तरीय टीम विजन निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाएगी। जनजातीय नेताओं, सामुदायिक प्रतिनिधियों और आदि कर्मयोगी स्वयंसेवकों की टीम उनकी सामूहिक आकांक्षाओं को व्यक्त करने और विकास प्राथमिकताओ की पहचान करने के लिए प्रेरित करेगी तथा जमीनी स्तर पर जुड़ाव को सुगम बनाएगी। विजन निर्माण में सांस्कृतिक मूल्यों, पारंपरिक ज्ञान और जनजातीय समुदाय की विषिष्ट आवष्यकताओं का दस्तावेजी करण, पीआरए और विजन निर्माण के माध्यम से किया जाएगा।

मास्टर ट्रेनर डीसी मिश्रा ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान पर समुदाय को संगठित करने और जागरूकता पैदा करने के लिए जनजातीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज्य संस्थाओं के सदस्यों तथा ग्राम स्तरीय अधिकारियों के साथ ग्राम सभा की बैठक आयोजित करनें, बाह्य उपायों के बारे में संदेहों का समाधान करनें तथा विजन निर्माण के लिए सहयोगात्मक वातावरण तैयार करने का काम करेगी। पीआरए कार्य गली भ्रमण, ग्राम परिसंपत्ति भ्रमण के माध्यम से ग्रामीणों और स्थानीय संस्थाओं को संगठित करके मार्गदर्षन प्रदान करनें, कार्य के दौरान समाज से सभी वर्गों की भागीदारी सुनिष्चित करनें तथा पीआए कार्य के दौरान महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और भूमिहीन किसानों के सुझावों को संकलित किया जाएगा। पीआरए कार्य से प्राप्त आंकड़ों को सामेकित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नवागत अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा ने संभाला पदभार



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राज्य प्रशासनिक सेवा 2012 बैच के अधिकारी नीलाम्बर मिश्रा ने अपर कलेक्टर का पदभार ग्रहण कर लिया है। नवागत अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा पन्ना जिला से स्थानांतरित होकर अनूपपुर जिला आए हैं। इसके पूर्व उन्होंने सतना, उमरिया, सीधी जिलों में प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन किया है।

### अमरकंटक व बरगवां (अमलाई) में शिविर का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत 01 अगस्त से 31 अगस्त तक जिले में पीएम आवास माह का आयोजन करने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। उक्त के संबंध में जिले के सभी नगरीय निकायों में पीएम आवास माह के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया जाकर नगरीय निकाय क्षेत्रों में आईएसएस योजना, आरआरसी तथा पीएम आवास माह के अन्य बिन्दुओं में वांछित प्रगति हेतु शिविरों की तिथि का निर्धारण किया है। जिसके अनुसार नगर परिषद अमरकंटक तथा नगर परिषद बरगवां (अमलाई) में 22 अगस्त को प्रातः 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### योजनाओं को कागज से निकालकर जमीन पर उतारने 22 पंचायतों को दौरा करेंगी जिपं अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह आगामी दिनों में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगी। इस संबंध में जारी कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष 22 अगस्त से 13 सितम्बर के बीच कई ग्राम पंचायतों में जाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 अगस्त को ग्राम पंचायत बकही, 29 अगस्त को ग्राम पंचायत औढ़ेरा के ग्राम औढ़ेरा एवं अकुआ, 6 सितम्बर को ग्राम पंचायत डोंगराटोला के ग्राम अमिलिहा, डोंगराटोला, तुम्मी, उमनिहा, 13 सितम्बर को ग्राम पंचायत मुड़धोवा के ग्राम मुड़धोवा, लहसुना में भ्रमण किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने बताया कि यह भ्रमण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण एवं समीक्षा, जनसमस्याओं को सुनना और त्वरित समाधान हेतु निर्देश देना, पंचायतों में सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, जलापूर्ति एवं सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का आकलन, महिला स्व-सहायता समूहों, किसान समितियों एवं युवाओं से संवाद, पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करना है। इस संबंध में सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे भ्रमण के दौरान उपस्थित रहें और आवश्यक अभिलेखों एवं प्रगति रिपोर्ट के साथ तैयार रहें। अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण विकास तभी संभव है जब योजनाएं कागज से निकलकर जमीन पर उतरें।

---

#### नो इंट्री के बावजूद शहर के अंदर बेधड़क दौड़ रहे दैत्याकार भारी वाहन

# शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शहर में लगने वाले जाम से निजात दिलाने और भारी वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन द्वारा नो एंट्री लागू की गई थी। जिस पर नो एंट्री के दौरान कोई भी भारी वाहन को शहर के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाना है, लेकिन आदेश होने के बाद पुलिस द्वारा नो एंट्री का पालन न कराकर भारी वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है। जिससे शहर की ट्राफिक व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। जिस पर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही पुलिस विभाग। वहीं नो इंट्री में वाहनों के आवागमन के चलते लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नो इंट्री में दौडते वाहन वाहन ट्रैफिक नियमों खिल्ली उड़ाते नजर आ रहे है। जबकि सब कुछ देखकर भी ट्रैफिक पुलिस मौन बनी हुई है। पुलिस की कार्यशैली देखकर लगता है कि लोगों को जाम से मुक्ति मिलने वाली नहीं है। पुलिस की सह पर नियमों को ताक पर रख कर भारी वाहनों का आवागमन होता रहता है। बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था के चलते शहरवासियों के समक्ष प्रतिदिन शहर में आने-जाने में समस्या खड़ी हो रही है। वैसे तो शहर में यातायात की समस्या वर्षो से ढीली-ढाली बनी हुई है। आलाधिकारियों द्वारा इस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई किए जाने से कुछ दिन स्थिति बदल तो जाती है लेकिन, फिर से कुछ दिनों बाद यह समस्या खड़ी हो जाती है। जिसका खामियाजा शहरवासियों और यहां से गुजरने वालों को भुगतना पड़ रहा है। नो इंट्री से भारी वाहनों के प्रवेश पर पुलिस कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### पुलिस कर्मियों पर रुपए लेकर एंट्री देने के आरोप

नो एंट्री होने के बाद भी शहर में धड़ल्ले से गुजरने वाले भारी वाहनों को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों पुलिसकर्मी अपने स्वार्थ के लिए यातायात व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे है। नो इंट्री के बाद भी यह वाहन पुलिस अधिकारियों और थानों के सामने से बेखौफ होकर गुजरते रहते हैं और इसके बाद भी चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, वहीं कई ट्रक चालकों द्वारा पुलिस पर रुपए देकर एंट्री देने की बाते सामने आती रहती है।

नो एंट्री लागू होने के बाद भी शहर में ट्रक और भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है। इस वाहनों के चालकों को इसकी जानकारी होने के बाद भी नो एंट्री में घुस आते हैं और किसी कार्रवाई से बचने के लिए जल्द ही शहर से निकलने की कोशिश करते हैं और वाहन को तेज रफ्तार में दौडाते हैं। जिससे सड़कों से गुजरने वाले लोगों को इन तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाओं का डर सताता रहता है।

### एक कहानी यह भी

शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है, जिसे व्यवस्थित करने के विभाग द्वारा प्रयास किए जाने के बाद भी राहत नहीं मिल रही है। शहर के आउटर में अलग-अलग पालियों में चालानी कार्रवाई के लिए टीम पहुंचती रहती है, लेकिन शहर के भीतर के सड़कों पर बदहाल यातायात व्यवस्था के चलते राहगीर खासे परेशान होते रहते हैं। ऐसे में कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा शहर में गाड़ियों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है, जिसे सुचारू रूप से चलाना किसी चुनौती से कम नहीं है। जिसके लिए यातायात से कई जवान तैनात किए गए हैं। जिनका काम है यातायात को व्यवस्थित करना। कुछ कर्मचारी बदहाल व्यवस्था को संभालने की बजाय चौक चौराहों पर फोन में बतियाते रहते हैं या अपने दोस्तों से सड़क किनारे बात करने में मशगूल दिखाई देते हैं। कई बार बिना चालान पर्ची दिए पैसे ले लिए जाते हैं। वाहन चालक बताते हैं कि गाड़ी के सारे कागजात रहने के बाद भी चालान काट दिया जाता है। कुल मिलाकर वर्तमान प्रभारी यातायात व्यवस्था संभालने मे नाकाम साबित हो रहे हैं।

---

# हाईवा व मैजिक वाहन के भीषण टक्कर में महिला का हाथ कटा



### 4 गंभीर रूप से घायल, दोनों वाहनों को पुलिस ने किया जप्त

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** गुरुवार को कोतमा थाना अंतर्गत कोतमा निगवानी जाने वाले रास्ते मे गढ़ी तिराहे के पास खनिज से भरे हाईवा वाहन क्रमांक यूपी 95 टी 026ओ ने मैजिक वाहन को जोरदार टक्कर मारते हुए भीषण दुर्घटना को अंजाम दिया। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को चोट आई। घटना स्थल पर ही चीख पुकार मच गई। स्थानीय नागरिकों के द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। महिला एवं पुरुष कुल 4 को गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल अनूपपुर एवं मेडिकल कॉलेज शहडोल ले जाया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि मैजिक वाहन क्रमांक एमपी 18 टी 1071 के चालक रवि पंडित 26 साल के द्वारा कोतमा बाजार कराकर 9 से 10 सवारियों को वापस खरुहा एवं आसपास के गांव ले जाया जा रहा था। दोपहर 3 बजे के लगभग गढ़ी तिराहे के पास क्रेशर से खनिज बजरी लोड कर तेज गति से आ रहे हाइवा के चालक द्वारा तिराहे पर जोरदार टक्कर मार कर दिया। दुर्घटना से मैजिक गाड़ी मौके पर ही पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि 30 वर्षीय महिला का बांया हाथ ही कट कर दूर जा गिरा वही गाड़ी के नीचे दबे महिला एवं बच्चों की मची चीख पुकार के बाद स्थानीय लोगों द्वारा आनन-फानन में घायलों को कोतमा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### यह हुये घायल

घायलों में कुसुम पति समय लाल केवट 60 वर्ष निवासी खरुहा के सिर मे चोट, मायादीन पिता कुना सिंह गोड 60 वर्ष निवासी मिरकान के कंधे में चोट, 4 वर्षीय मासूम आधू पिता मायाराम पाव के सिर में चोट, मायाराम पाव 50 वर्ष पिता साधुलाल पाव कोतमा अस्पताल में भर्ती हैं वही फूल कुवंर 50 वर्ष निवासी मिरकान के सर में गंभीर चोट पर अनूपपुर रेफर, सरिता पति तुलसी वंशकार 30 वर्ष निवासी बिलटुकरी बाया हाथ कट गया जिसे मेडिकल कॉलेज शहडोल ले जाया गया, दादूराम 60 वर्ष निवासी खरुहा सिर एवं कंधे में बड़ी चोट होने पर मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनो वाहनों को जप्त कर थाने मे खड़ा करवाया है। पुलिस मामले की विवेचना मे जुट गई है। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 100 एवं एम्बुलेंस मौके पर पहुंची।

---

#### अनूपपुर से रायपुर मध्य चलायेगी तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू ट्रेन

# तीजा पर्व पर महिलाओं को रेलवे देगी विशेष सुविधा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तीजा पर्व पर महिला यात्रियों की विशेष सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू ट्रेन का परिचालन गाड़ी संख्या 06803/06804 रायपुर-अनूपपुर-रायपुर 24 व 28 अगस्त को किया जा रहा है। मध्य प्रदेश का सीमावर्ती जिला अनूपपुर छत्तीसगढ़ से तीज त्यो-हार में समानता होने और लोगो का भवानात्महक जुड़ाव हैं, तीजा पर्व छत्तीसगढ़ सहित पूरे मध्य प्रदेश में विशेष रूप से मनाया जाता है। तीजा पर्व पर महिलाओं द्वारा बड़े उत्साह और परंपरा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सामाजिक और पारिवारिक भावनाओं से जुड़ा हुआ है, जिसमें विवाहित महिलाएँ विशेष रूप से अपने मायके जाकर त्यौहार मनाती है। इस दौरान ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ रहती है, इस स्थिति को देखते हुए महिला यात्रियों की विशेष सुविधा हेतु अतिरिक्त फास्ट मेमू ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिससे खासकर महिलाओं यात्रियों को सुगम, आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा मिलेगी।




### ऐसी होगी समय-सारिणी

गाड़ी संख्या 06803 रायपुर-अनूपपुर तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू रायपुर से 24 व 28 अगस्त को प्रातः 04.50 बजे रवाना होकर सिलयारी 05.07 बजे, प्रस्थान 05.09 बजे, तिल्दा 05.21, प्रस्थान 05.23 बजे, हथबंध 05.33, प्रस्थान 05.35 बजे, भाटापारा 05.46, प्रस्थान 05.48 बजे, बिल्हा 06.13 बजे, प्रस्थान 06.15 बजे, उसलापुर 07.10 बजे, प्रस्थान 07.15 बजे, करगी रोड 07.32 बजे, प्रस्थान 07.34 बजे, बेलगहना 07.47 बजे, प्रस्थान 07.49 बजे, टेंगनमाड़ा 07.56 बजे, प्रस्थान 07.58 बजे, खोंगसरा 08.04 बजे, प्रस्थान 08.06 बजे, सारबहरा 08.40 बजे, प्रस्थान 08.42 बजे, पेंड्रारोड 08.48 बजे, प्रस्थान 08.50 बजे, जैतहरी 09.29 बजे, प्रस्थान 09.31 बजे एवं 10.15 बजे अनूपपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी गाड़ी संख्या 06804 अनूपपुर-रायपुर के लिए 24 व 28 अगस्त को दोपहर 13.30 बजे रवाना होकर, जैतहरी 13.42 बजे, प्रस्थान 13.44 बजे, पेंड्रारोड 14.11 बजे, प्रस्थान 14.13 बजे, सारबहरा 14.18 बजे, प्रस्थान 14.20 बजे, खोंगसरा 14.58 बजे, प्रस्थान 15.00 बजे, टेंगनमाड़ा 15.08 बजे, प्रस्थान 15.10 बजे, बेलगहना 15.17 बजे, प्रस्थान 15.19 बजे, करगी रोड 15.33 बजे, प्रस्थान 15.35 बजे, उसलापुर 16.10 बजे, प्रस्थान 16.15 बजे, बिल्हा 16.40 बजे, प्रस्थान 16.42 बजे, भाटापारा 17.10, प्रस्थान 17.12 बजे, हथबंध 17.27, प्रस्थान 17.29 बजे, तिल्दा 17.45, प्रस्थान 17.47 बजे, सिलयारी 18.12 बजे, प्रस्थान 18.14 बजे एवं 19.15 बजे रायपुर स्टेशन पहुंचेगी।

---

# मंगल भवन में दुकान निर्माण का वार्डवासी कर रहे विरोध



**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** नगर पालिका अनूपपुर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 मे स्थित श्री रामजानकी पंचायती मंदिर परिसर मे पूर्व से निर्मित मंगल भवन को तोड़कर दुकान का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसका विरोध करते हुये 21 अगस्त को नगरवासियों ने तहसीलदार समेत कोतवाली व नगर पालिका मे शिकायती आवेदन देकर दुकान निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ज्ञात हो कि मंगल भवन का निर्माण स्वर्गीय शंकर प्रसाद शर्मा की पहल पर एवं भूतपूर्व सांसद स्वर्गीय श्रीमती राजेश नंदिनी के प्रयास से एसईसीएल द्वारा प्राप्त मद से कराया गया था, जिसका उद्देश्य वार्ड व नगरवासियों के छोटे मोटे सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए था। जिसे अनैतिक रूप से तोड़कर व नगरवासियों की भावनाओं से खिलवाड़ करते हुये उस स्थल का व्यवसायीकरण करते हुये दुकान का निर्माण किया जा रहा है निर्माणकर्ताओं द्वारा दुकान निर्माण के लिए मंदिर मे आय का स्त्रोत नहीं होने का हवाला दिया जा रहा है। जिसके विरोध मे नगरवासियों व युवाओं ने पिछले कुछ दिनों से समिति से मिलकर विरोध दर्ज कर इस कार्य को रोकने का प्रयास किया पर अध्यक्ष ने उन लोगो से मुलाक़ात ही नहीं की और सदस्यों ने कार्य प्रारम्भ करा दिया, जिसके विरोध मे नगरवासी अशोक खेमका के नेतृत्व मे जो स्वयं चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य है उनके साथ जाकर तहसीलदार को आवेदन देकर तत्काल प्रभाव से संचालित कार्य को रोकने का निवेदन किया जिस पर तहसीलदार ने आम जन के धर्म और आस्था का सम्मान करते हुए तत्काल प्रभाव से जांच का आदेश सीएमओ नगरपालिका एवं थाना निरीक्षक को दिया।

---

# आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

### अभियान में अधिकारी, कर्मचारियों की सहभागिता आवश्यक-अपर कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को पूरे मनोयोग से योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के विकास और परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। अधिकारियों-कर्मचारियों को अपनी पूरी क्षमता और कौशल का उपयोग करते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारना चाहिए। सभी मिलकर इस अभियान को जनहितकारी बनाएं, ताकि जनजातीय समुदाय आत्मनिर्भर बने और समग्र विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित कर सके। अपर कलेक्टर श्री पांडेय अनूपपुर स्थित होटल सूर्या में आयोजित आदि कर्म योगी अभियान रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अपर कलेक्टर ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत अनूपपुर जिले के 371 जनजातीय ग्रामों को चुना गया है, जिसका मूल उद्देश्य जिले के जनजातीय समुदाय को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को सुदृढ़ करना है। यह अभियान जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने, आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।



### शत-प्रतिशत लाभ दिलाने का लिया संकल्प

उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के जनजातीय समुदाय को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुँचाते हुए उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। जनजातियों को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने हेतु संकल्पित भाव से कार्य करें तथा जनजातीय समाज को सशक्त बनाने की दिशा में योगदान दें। उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने कहा कि अभियान का लक्ष्य है कि जिले के अंतिम छोर तक हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाया जाए, जिससे उनके सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शुरू की गई यह पहल ग्राम स्तर पर योजनाओं एवं सेवाओं की बेहतर पहुँच, पारदर्शिता, जवाबदेही और नवाचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से है। शासन की ओर से जनजातीय समुदाय के लिए चिन्हित सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने का संकल्प लिया गया है।

### यह दे रहे प्रशिक्षण

कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहायक संचालक मत्स्योद्योग संदीप शुक्ला, रेंजर फॉरेस्ट गौरव सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पीएचई नीलिमा सिंह, प्राचार्य शासकीय कन्या विद्यालय कोतमा अजय सिंह, प्राचार्यएस. के. मिश्रा विभिन्न विभागों के लगभग 30 ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक ने पीएम जनमन, धरती आबा एवं आदि कर्मयोगी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारियो से भी अवगत कराया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जनजातीय कार्य विभाग के क्षेत्र संयोजक एसके बाजपेयी सहित अन्य अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

---

### रेलवे मजदूर कांग्रेस ने पीसीपीओ, डीआरएम को सौंपा ज्ञापन



**अनूपपुर।** ट्रैक मेंटेनर पुरानी और नई जीडीसी चयन परीक्षा के लिए महामंत्री मजदूर कांग्रेस पीतांबर लक्ष्मी नारायण से मिलने हेतु बिलासपुर पहुंचकर मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के साथ नागपुर, रायपुर, बिलासपुर के सैकड़ों ट्रैक मेंटेनर ने महत्वपूर्ण बैठक कर जीडीसी परिक्षा में हो रहे देरी से अवगत कराया साथ ट्रैक मेंटेनर की अन्य कई समस्याओं पर चर्चा की, रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मिडिया प्रभारी व जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया की ट्रैक मेंटेनर की समस्याओं के निराकरण के लिए इस बैठक में महामंत्री मजदूर कांग्रेस पीतांबर लक्ष्मी नारायण स्वयं नागपुर से बिलासपुर विशेष रूप से पहुंचे सभा में उपस्थित सभी ट्रैक मेंटेनेंर, जीडीसी के लिए एक स्वर में मांग की, महामंत्री जी ने, विषय की गंभीरता पर संज्ञान लेते हुए तुरंत ही, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी पीसीपीओ बिलासपुर से मुलाकात कर एक लंबी चर्चा किया और ट्रैक मेंटेनर द्वारा जो प्रपत्र, डोजियर, उपलब्ध कराया गया था, उसे प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी महोदय को उपलब्ध कराया गया, पीसीपीओ बिलासपुर ने तुरंत ही मामले पर संज्ञान लिया, तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के लिए कहा साथियों मंडल स्तर पर डीपीक्यू 50 प्रतिशत एसएलपी डीआरएम बिलासपुर के अधीन होना बताया गया, जिस पर डीआरएम बिलासपुर से भी चर्चा किया गया, डीआरएम बिलासपुर द्वारा अगले हफ़्ते पीएनएम बैठक में यूनियन के साथ इस विषय पर मीटिंग रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। बहुत जल्द जीडीसीसी की परीक्षा व नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इस बैठक में मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी, जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण, जोनल अध्यक्ष दिलीप कुमार स्वाइन जी,बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, नागपुर मंडल समन्वयक इंदल दमेह जोनल कार्यकारी अध्यक्ष रवि धल, संयुक्त महामंत्री बी कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष साईं किरण, अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री शुभम उपाध्याय, अर्बन बैंक डायरेक्टर श्रीमान आरके यादव उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला - अनूपपुर (म.प्र)**
Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in,
क्रमांक. 880 न.पा./ला.नि./2025 बिजुरी दिनांक-08/08/2025

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग मे केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्रं. | ई निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | 2025_UAD_443467_1 | Inviting Rate of Contract for Supply of 1 HP Solar submersible motor pump for water supply work at Municipal Council Bijuri for Year 2025-26 (Second Call) | 50.00 लाख | 37500.00 | 5000.00 | 25-08-2025 (17:30 HRS) |
| 02. | 2025_UAD_443557_1 | SUPPLYOFTWINBINDUST BIN AS PER REQUIRED SPECIFICATIONS. (Second Call) | 20.00 लाख | 15000.00 | 5000.00 | 25-08-2025 (17:30 HRS) |
| 03. | 2025_UAD_443527_1 | SUPPLY OF (16000 NOS) PLASTIC DUST BIN DOMESTIC USE AS PER REQUIRED SPECIFICATIONS. (Second Call) | 20.00 लाख | 15000.00 | 5000.00 | 25-08-2025 (17:30 HRS) |
| 03. | 2025_UAD_443558_1 | DEVELOPMENT OF BANIYA TALAB AT WARD NO 12 | 151.19 लाख | 75599.00 | 12500.00 | 09-08-2025 (17:30 HRS) |

1.निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है। 2.बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATASHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है। 3.निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिजुरी
जिला अनूपपुर (म.प्र.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला - अनूपपुर (म.प्र)**
Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in,
क्रमांक. 872 न.पा./ला.नि./2025 बिजुरी दिनांक-07/08/2025

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग मे केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्रं. | ई निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | 2025_UAD_441780_1 | ELECTRIFICATION WORK FROM KENAPARA ENTRANCE GATE TO RAILWAY OVER BRIDGE | 253.94 लाख | 126975.00 | 15000.00 | 02-09-2025 (17:30 HRS) |
| 02. | 2025_UAD_441774_1 | INSTALLATION OF STREET LIGHT WITH OCTAGONAL POLE FROM KAPILDHARA MAIN ROAD TO PATHAK KIRANA GATE VIA RKVV SCHOOL AT WARD NO 07 FROM DOUBLE STORY TO SIGUDI APPROACH ROAD AT WARD NO 03 FROM KAPIL DHARA MAIN ROAD TO RAILWAY UNDER BRIDGEAT WARD NO 07 FROM STAFF COLONY TO MAU | 268.26 लाख | 134130.00 | 15000.00 | 02-09-2025 (17:30 HRS) |
| 03. | 2025_UAD_441767_1 | INSTALLATION OF STREET LIGHT WITH OCTAGONAL POLE FROM PANCH MUKHI HANUMAN MANDIR TO BAHERA BANDH CULVERT AT WARDS NO 15, FROM LOHSARA STADIUM TO MAUHARI APPROCH ROAD, FROM MAU HARI KHALETOLA MAU HARI TO BHAGATA COLLEGE | 271.35 लाख | 135675.00 | 15000.00 | 02-09-2025 (17:30 HRS) |

1.निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है। 2.बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATASHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है। 3.निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिजुरी
जिला अनूपपुर (म.प्र.)